देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 193 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 3 नवंबर 2020

विचार–प्रवाह...
मुकाबला अंतिम चरण में





मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 14.0°

37244.59

2 बी टाउन की हसीनाओं जैसा स्टाइल

5 टिकटाक से दूर रहती है यामी



**3 के आर्गेनिक उत्तराखण्ड आउटलेटः कृषि मंत्री**

कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि प्रदेश के आर्गेनिक उत्पादों की मार्केटिंग के लिए '3 के आर्गेनिक उत्तराखण्ड आउटलेट' स्थापित किए जाएंगे। यहां 3 के से तात्पर्य कृषि एवं कृषक कल्याण है। अगले 2 वर्ष में 1300 आउटलेट बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य में किसानों को लाभकारी खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हरिद्वार में बहुत से किसानों ने गन्ने की खेती के स्थान लेमनग्रास की खेती शुरू की है। उन्हें इसकी अच्छी कीमत भी मिल रही है। एकीकृत फार्मिंग की कन्सेप्ट पर भी काम किया जा रहा है।

# किसानों के स्किल डेवलपमेंट की योजना बनाए

## मुख्यमंत्री ने कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के साथ कृषि, उद्यान, रेशम विकास विभागों की समीक्षा की

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने राज्य में सेब, नाशपाती सहित अन्य फलों के बागों के पुनर्जीविकरण व विस्तारीकरण के लिए भरसार विवि और जीबी पंत विवि के कुलपतियों की एक समिति बनाने के निर्देश दिए हैं। किसानों के स्किल डेवलपमेंट की योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि फार्म मशीनरी बैंक और माइक्रो इरीगेशन का लाभ अधिकतम गांवों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। सूअर, बंदर आदि जंगली जानवरों से खेती को होने वाले नुकसान का सर्वे करते हुए अधिक प्रभावित क्षेत्रों में किसानों को राहत पहुंचाने के लिए तार–बाड़, दीवार बनाने का काम प्राथमिकता से किया जाए। सीएम आवास में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कैबिनेट मंत्री श्री सुबोध उनियाल के साथ कृषि, उद्यान, रेशम विकास विभागों की समीक्षा की।

**निर्देशः** मुख्यमंत्री ने सुझाव के लिए भरसार विवि और जीबी पंत विवि के कुलपतियों की एक समिति बनाने के निर्देश दिए

**आधुनिकतम तकनीक से फलों की खेती को लाभप्रद बनाया जाए:** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में सेब व अन्य फलों की खेती को आधुनिकतम तकनीक के उपयोग द्वारा लाभप्रद बनाया जाए। आवश्यकता होने पर दूसरी किस्मों से बदला भी जा सकता है। इसके लिए औद्यानिकी विभाग ठोस काम करे। किसानों के स्किल डेवलपमेंट के लिए योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य में सेब, नाशपाती सहित अन्य फलों के बागों के पुनर्जीविकरण व विस्तारीकरण के लिए भरसार विवि और जीबी पंत विवि के कुलपतियों की एक समिति बनाने के निर्देश दिए।

**किसान सम्मान निधि में सावधानी से हो डाटा फीडिंग**



मुख्यमंत्री ने कहा कि जैविक खेती का और विस्तार किए जाने की जरूरत है। जैविक उत्पादों के विपणन के लिए ग्रोथ सेंटरों का उपयोग किया जाए। नमामि गंगे के तहत गंगा किनारे जैविक कृषि के लिए चयनित गांवों में मानिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसान सम्मान निधि में किसी तरह की शिकायत न आए। इसके लिए डाटा फीडिंग सावधानीपूर्वक की जाए।

**फार्म मशीनरी बैंक से जुड़ें अधिकाधिक गांवः** मुख्यमंत्री ने कहा कि फार्म मशीनरी बैंक किसानों के लिए काफी लाभप्रद हो रहे हैं। प्रयास किए जाएं कि अधिक से अधिक गांव इसके अंतर्गत आ सकें। माइक्रो इरीगेशन पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। विभाग इसके लिए कार्ययोजना बनाए।

**जंगली जानवरों से खेती को नुकसान का हो सर्वेः** मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती में एक बड़ी समस्या जंगली जानवरों के कारण आ रही है। सूअर, बंदर आदि जानवरों से खेती को होने वाले नुकसान का व्यापक सर्वे किया जाए। जिन क्षेत्रों में समस्या ज्यादा गम्भीर है, वहां प्राथमिकता के आधार पर तार–बाड़, दीवार आदि बनाने का काम किया जाए। --foLrr [kcj i`t 3 ij

**कृषि से जुड़ी शिक्षण संस्थान निकटवर्ती गांवों में काम करें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कीड़ा जड़ी, मशरूम आदि उत्पादों पर रिसर्च की जाए। कृषि व औद्यानिकी से जुड़ी शिक्षण संस्थानों के छात्रों को प्रायोगिक ज्ञान के लिए निकटवर्ती गांवों में भेजे जाएं। भरसार व जीबी पंत विवि अपने निकवर्ती गांवों में कार्य करें। जल्द से जल्द चाय विकास बोर्ड की बैठक आयोजित की जाए। अधिकारी फील्ड में जाएं और वहां किसानों से मिलकर उनकी समस्याओं को दूर करें।

## संक्षिप्त समाचार

**फ्रांस की हत्याओं को जायज बता फंसे मुनव्वर राना**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। इन दिनों सुर्खियों में उर्दू के चर्चित शायर मुनव्वर राना हैं। फ्रांस में पैगंबर मोहम्मद के विवादित कार्टून की वजह से कई हत्याएं हुईं। इस पर मुनव्वर राना ने हमलों को जायज बता दिया फिर हंगामा शुरू हुआ। हंगामा बढ़ा तो मुनव्वर राना ने सफाई देते हुए कहा कि मैंने हमलों को जायज नहीं कहा है।

**इस साल देश में पड़ेगी हाड़ कंपाने वाली सर्दी**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सर्दी ने दस्तक देनी शुरू कर दिया है। शाम होते ही मौसम में ठंडक बढ़ जा रही है। वहीं दिल्ली–एनसीआर समेत समूचे उत्तर भारत में ठंड में इजाफा होना शुरू हो गया है। दिल्ली में अक्टूबर में अंत में रात का तापमान 58 साल में महीने में सबसे ठंडा दर्ज किया गया। वहीं इस बार मौसम विभाग का कहना है कि अल नीनो और ला नीना से मौसम चक्र में परिवर्तन देखने को मिल सकता है।

# कोरोना के साये में सात महीनों बाद स्कूलों में लोटी रौनक

## पहले दिन 50 प्रतिशत से भी कम रही छात्रों की उपस्थिति

संवाददाता

पुरोला। कोरोना महामारी के साये के चलते स्कूलों में सोमवार को सात महिनें बाद एक बार फिर रोनक लोट आई, क्षेत्र के कालेजों में उपस्थिति व कोरोना महामारी से मास्क व दूरी है जरूरी को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी ने क्षेत्र में कालेजों का निरीक्षण कर प्रधानाचार्यों को सख्त निर्देश दिये।



सोमवार को सात माह बाद खुले शिक्षण संस्थाओं में पठन पाठन शुरू होने पर अभिभावकों ने भी खुशी जाहिर कर कोरोना महामारी से सावधानी को कालेजों में मास्क–दूरी का जरुरी लागू करनें को सख्ती करनें को कहा ताकि छात्र सुरक्षित रह सके।

खंड शिक्षा अधिकारी पुरोला जेपी काला ने बताया कि सोमवार को पुरोला–मोरी के इंटर कालेजों में सात माह बाद हाईस्कूल व इंटर कक्षाओं पढाई शुरू हो गई है। कोरोना महामारी सावधानी को छात्रों की स्कीइंग के बाद कक्षाएं दो पारियों में संचालित की जा रही है। मास्क–दूरी का विशेष खयाल रख कर हाईस्कूल सुबह व इंटर कक्षाएं सांय की पारियों में पढाई जायेंगी।

खंड शिक्षाधिकारी ने बताया कि अभिभावकों की सहमती के आधार पर ही छात्रों को प्रवेश दिया गया है सोमवार को कालेजों में 50 प्रतिशत छात्र–छात्राएं ही उपस्थित रहे। राजकीय इंटर कालेज पुरोला प्रथम पारी में हाईस्कूल 85 में 44,राबाइंका में 96 में 47,राईका गुंदियाटगांव 142 में 88,राईका मोल्टाडी 93 में48 सरस्वती विधा मंदिर इंटर कालेज में 131में 85 वहीं राईका हुडोली में 64 में 34 छात्र उपस्थित रहे। शिक्षाधिकारी बताया कि जो छात्र आज बुलाये गयें हैं उन्हें अब तीसरे दिन बुलाया गया है।

# एरिया स्पेसिफिक उत्पादों को फोकस किया जाना चाहिए

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव ओम प्रकाश की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की राज्य स्तरीय अनुमोदन समिति की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि योजना के अन्तर्गत ऐसे उत्पादों को चुना जाए जिन उत्पादों की अपने जनपद में विशिष्टता हो। उन्होंने कहा कि कुमायूं क्षेत्र मिल्क प्रोडक्ट्स में सरप्लस है, वहां मिल्क प्रोडक्ट्स को भी रखा जा सकता है। इस योजना के अन्तर्गत हिमालयन चीज को बढ़ावा दिया जा सकता है।

मुख्य सचिव ने कहा कि एरिया स्पेसिफिक उत्पादों को फोकस किया जाना चाहिए ताकि उन उत्पादों की मार्केट तैयार हो सके। अल्मोड़ा की खुमानी अत्यधिक प्रसिद्ध है, उसके अचार अथवा जैम को इसमें शामिल किया जा सकता है। उन्होंने एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत चमोली में ट्राउट मछली प्रसंस्करण को शामिल किए जाने पर भी जोर दिया।

**निर्देश**

■ऐसे उत्पादों को चुना जाए जिन उत्पादों की अपने जनपद में विशिष्टता होः मुख्य सचिव

बैठक में बताया गया कि आत्म निर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा केंद्र पोषित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना में केंद्र एवं राज्य के मध्य 90:10 के अनुपात में वित्तीय वहन किया जाएगा। योजना के अन्तर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के असंगठित खण्ड में मौजूदा निजी सूक्ष्म उद्योग की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाना और क्षेत्र के फॉर्मलाइजेशन को प्रोत्साहन देना है। राज्य में कुल 1501 सूक्ष्म खाद्य उद्यमों का विकास 05 वर्ष (2020–21 से 2024–25) में किया जाना है। उसके साथ ही, किसान उत्पादन संगठनों, एसएचजी और उत्पादक सहकारिताओं को उनकी सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिये सहायता देना भी इस योजना का लक्ष्य है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# बिहार चुनाव में पाक पर गरजे राजनाथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दरभंगा। बिहार की चुनावी सभा में देश के रक्षामंत्री के तेवर पाकिस्तान पीएम इमरान खान को लेकर काफी सख्त दिखे। चुनावी रैली में अपने पूरे लौ में उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए पूरे गिलगित–बाल्टिस्तान को भारत का हिस्सा बताया। उन्होंने जनसभा में आई भीड़ देख कर यह भी कहा कि अब यह विश्वास पक्का हो गया है कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस– राजद के पास विकास का कोई ऐजेंडा नहीं है। बिहार के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं होगा।

**कहा– गिलगित–बाल्टिस्तान समेत पूरा पीओके भारत का**

**पुलवामा हमले का किया जिक्रः** राजनाथ सिंह ने पुलवामा हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा भद्दी बात कही जाती थी।

प्रधानमंत्री मोदीजी पर शक किया जाता था। तीन दिन पहले पाकिस्तान की संसद में खुद पाकिस्तान के मंत्री ने खुलासा किया कि पुलवामा में क्या हुआ था। अब कांग्रेस के लोग क्यों चुप है?